

डाक पंजी-SDL-0019/2025

RNI-MPHIN/2008/24599

# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छतीसगढ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास

**सुविचार**

लगातार श्रम करना ही आपकी सफलता का साथी है, इसलिए श्रम को सकारात्मक बनाएं विनाशक नहीं।

### बदायूं में मोहल्ले के नाई ने उस्तरे से दो मासूस बच्चों का गला काटा

## दोनों भाइयों की मौत, एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूँ में एक स्थानीय नाई द्वारा दो नाबालिग लड़कों की हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार को बाबा कॉलोनी में हुई, जब आरोपी, जिसकी पहचान 22 वर्षीय साजिद के रूप में हुई, एक घर में घुस गया और 12, 8 और 10 साल की उम्र के तीन भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में 12 और 8 साल के भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीसरे को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाया गया।**



कुछ ही घंटों बाद मुठभेड़ में नाई को मार गिराया गया। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद बच्चों के शव परिवार को सौंप दिए गए। घटना के बाद किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए इलाके में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला मुख्यालय के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के बाबा कॉलोनी में मंगलवार देर शाम मामूली विवाद में दो सगे भाइयों की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई जबकि हमले में तीसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी इस बीच पुलिस ने घटना के आरोपी को एक मुठभेड़ में मार गिराया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की बाबा कॉलोनी में आज देर शाम नाई की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति ने घर में घुसकर तीन सगे भाइयों आयुष, युवराज और आहान उर्फ हनी पर कुल्हाड़ी से हमला किया जिसमें आयुष (12) और आहान उर्फ हनी (आठ) की मौत हो गयी जबकि गंभीर रूप से घायल अवस्था में युवराज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेली परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) डॉक्टर राकेश सिंह ने बताया कि घटना के कुछ घंटों बाद साजिद (22) नाम के एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। उन्होंने कहा, घटना के बाद दो बच्चों की नृशंस हत्या का अभियुक्त खून से लथपथ साजिद ऊर्फ जावेद मौके से भाग गया। हमारी टीम को जब पता चला और उसका पीछा किया तो वह शेखूपुर के जंगल में दिखाई दिया। वहां हमारी एसओजी और थाना पुलिस पीछा करती हुई पहुंची तो अभियुक्त ने पुलिस पर फायर किया और फिर पुलिस की जवाबी गोलीबारी में वह घायल हो गया और उसकी मृत्यु हो गयी। आईजी ने बताया कि साजिद उर्फ जावेद पुत्र बाबू घटना का आरोपी था। खून से लथपथ भाग रहा था तो लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति खून से लथपथ भाग रहा है तो उसका पीछा किया गया। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों का पता किया जा रहा है। इस बीच, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने बताया कि घटना रात क़रीब आठ बजे के आसपास हुई, जिसमें साजिद ऊर्फ जावेद नाम के व्यक्ति ने अपनी दुकान के सामने रहने वाले व्यक्ति के घर में जाकर उसके बच्चों पर हमला किया, जिसमें दो बच्चों के मृत्यु हो गई और एक घायल है।

### प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर फेल, शिवपाल सिंह बोले- एनकाउंटर से पहले करना चाहिए था खुलासा



**संभल।** सपा प्रत्याशी व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने बदायूं में दो बच्चों की हत्या के आरोपी के एनकाउंटर पर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है। आरोपी के एनकाउंटर से पहले पुलिस को घटना का खुलासा करना चाहिए था।

धनारी क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सपा नेता शिवपाल सिंह यादव से बदायूं क्षेत्र में दो बच्चों की हत्या करने व आरोपी का एनकाउंटर करने के बारें में सवाल पूछा गया। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। प्रदेश में सरकार का लॉ एंड ऑर्डर पूरी से फेल है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपी का एनकाउंटर तो कर दिया है। यह कैस खुलेगा कैसा? पुलिस को एनकाउंटर से पहले खुलासा करना चाहिए। आरोपी मारा जा चुका है।

अन्य सवाल के जवाब में सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि बड़े मामलों में राष्ट्रीय नेतृत्व निर्णय लेता है। राष्ट्रीय नेतृत्व के बाद विधायक निर्णय लेते हैं। जब हम विधायक थे, हमने भी उनका सममर्थन किया था। जब अखिलेश मुख्यमंत्री बने थे, तो हमने समर्थन किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल के शक्ति वाले बयान के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा, हरदीप पुरी बोले- हिंदू भावनाएं आहत हुई

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाली टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस नेता के खिलाफ भारत के चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने राहुल गांधी की टिप्पणियों को शब्दशः पढ़ा और चुनाव आयोग के समक्ष एक विस्तृत प्रस्तुति दी। राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं...एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है? जैसे किसी ने यहां कहा कि राजा की आत्मा ईवीएम में है। सही है...सही है कि राजा की आत्मा ईवीएम में है... हिंदुस्तान की हर संस्था में है। ईडी में है, सीबीआई में है, आयकर विभाग में है।'' वि चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुरी ने कहा, 'उन्होंने जो कहा, मैंने वही पढ़ा और फिर हमने जाकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी।' पुरी ने बताया कि उन्होंने कई लोगों की धार्मिक भावनाओं का अपमान किया। उन्होंने नारी शक्ति का अपमान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राहुल गांधी की 'शक्ति ' टिप्पणी पर भाजपा के हमले का नेतृत्व करते हुए कहा कि जो लोग 'शक्ति ' को नष्ट करना चाहते हैं वे स्वयं नष्ट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप हिंदुओं की भावनाओं आहत कर रहे हैं। ऐसी बात बोलना शर्मनाक है।

### एमवीए की सफलता के डर से भाजपा-मनसे के बीच गठबंधन की कोशिश : संजय राउत

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे महा विकास आघाडी (एमवीए) की सफलता से डरते हैं। दिल्ली में राज ठाकरे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच बैठक के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि अगर मनसे ,भाजपा नीत महायुति में शामिल होती है, तो इसका राज्य की राजनीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''यह घटनाक्रम एमवीए की सफलता के डर से हो रहे हैं।'' राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग बहुत बुद्धिमान हैं और वे राज्य के खिलाफ रुख रखने वाले किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी) के अलावा कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) अन्य घटक हैं।

### अभिषेक बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद (सांसद) अभिषेक बनर्जी के उस अनुरोध को स्वीकार कर लिया, जिसमें अप्रैल और जून के बीच होने वाले आम चुनावों के पूरा होने तक मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उन्हें बुलाने से रोकने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ 10 जुलाई को दिल्ली में पूछताछ के लिए ईडी के समन को चुनौती देने वाली बनर्जी की याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि याचिकाकर्ता एक सांसद है और वह आम चुनाव लड़ रहा है, जिसके मद्देनजर मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया जाए। अदालत ने कहा कि इस मामले को 10 जुलाई को सूचीबद्ध करें।अदालत ने बनर्जी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया कि सांसद को सितंबर 2021 से तलब नहीं किया गया है और संघीय एजेंसी को आगामी लोकसभा चुनाव पूरा होने तक उन्हें नहीं बुलाने के लिए कहा जाना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि वह एक मौजूदा सांसद हैं और 1 जून को होने वाले डायमंड हार्बर से फिर से चुनाव लड़ेंगे।

### पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय

## पूर्णिया सीट से लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव



**नई दिल्ली।** पूर्व लोकसभा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। यह लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में कांग्रेस के लिए एक बड़ा सौदा साबित हो सकता है। संभावना है कि कांग्रेस पप्पू यादव को पूर्णिया सीट से लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। फिलहाल उनकी पत्नी रजीत रंजन कांग्रेस की राज्यसभा सांसद हैं। इस दौरान पवन खेड़ा ने कहा कि जन अधिकार पार्टी और पप्पू यादव जी किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पप्पू यादव जी एक कद्दावर नेता हैं। वे आज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व, नीतियों और दिशा से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। वे जन अधिकार पार्टी का भी कांग्रेस में विलय कर रहे हैं। ये विलय साधारण नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक है।

### राहुल के शक्ति वाले बयान पर अमित शाह का वार, बोले-

## मोदी के साथ चट्टान की तरह खड़ी हैं देश की महिलाएं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राहुल गांधी की शक्ति टिप्पणी पर जवाब दिया और कहा कि कांग्रेस नेता ना तो हमारी परंपरा को जानते हैं और न ही उसका सम्मान करते हैं। एक नीजी चैलन पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि देश की महिलाएं पीएम मोदी के साथ चट्टान की तरह खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से हमारे देश में मातृशक्ति को सबसे बड़ी शक्ति माना गया है। मां के आशीर्वाद से बड़ा कोई आशीर्वाद नहीं हो सकता है और बहन के स्नेह से बड़ा कोई स्नेह नहीं हो सकता है। उन्होंने वार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को मालूम नहीं है कि वो क्या बाल रहे हैं। मोदी जी के साथ इस देश की नारी शक्ति चट्टान की तरह खड़ी है। नारी शक्ति ने ठाना है कि इस बार चुनाव में राहुल गांधी को शक्ति का परिचय जरूर कराना है। विपक्ष पर वार करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की पॉलिसी ही है कि इस देश के दो टुकड़े होने चाहिए, साउथ इंडिया और नार्थ इंडिया। लेकिन राहुल बाबा आप चिंता न करें, अब भाजपा इतनी ताकतवार है कि कांग्रेस दूसरी बार देश का विभाजन नहीं कर पाएगी। हम देश के टुकड़े नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने वोट बैंक बनाने के लिए भ्रांति फैलाई कि ष्ट से देश के अल्पसंख्यकों की नागरिकता छीन ली जाएगी, लेकिन ष्ट से किसी की नागरिकता नहीं जाएगी बस पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी। इस देश के मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। सीएए नागरिकता लेने का कानून नहीं है, नागरिकता देने का कानून है। अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि ममता के मंत्री के घर से 51 करोड़ रुपये मिलते हैं, कांग्रेस के सांसद के घर से 355 करोड़ रुपये मिलते हैं और ये कहते हैं कि कार्रवाई ही न हो। नोटों की गड्डियां भरने के लिए मेटाडोर लाने पड़ते हैं। देश की जनता को राहुल बाबा बता सकते हैं कि ये पैसा कहां जाने वाला था? उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। जो करप्शन करेगा, उस पर कठोर कार्रवाई होगी, वो जेल के पीछे जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं देश की जनता के सामने कहना चाहता हूं कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद कालेधन पर तेजी से कार्रवाई की गई है।

### टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, मानहानि मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने भेजा समन



**नई दिल्ली।** अधिवक्त ा जय अनंत देहाद्राई ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया हैंडल सहित विभिन्न मीडिया पर कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के लिए टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा और अन्य प्रतिवादियों को समन जारी किया। अदालत ने मुकदमे में अंतरिम राहत की मांग करने वाले देहाद्राई के आवेदन पर मोइत्रा से जवाब मांगा और मामले को 08 अप्रैल को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने कहा कि मैंने महुआ मोइत्रा और कुछ अन्य समाचार एजेंसियों और इंटरनेट मध्यस्थों के खिलाफ मेरे बारे में दिए गए कुछ अपमानजनक अपमानजनक बयानों को प्रसारित करने के लिए मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इसलिए इसे आज सूचीबद्ध किया गया और दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा आज प्रतिवादियों को समन जारी किया गया है।

## पूर्व बीएसपी नेता और सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल, अमरोहा से लड़ सकते हैं चुनाव

**नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निलंबित लोकसभा सांसद दानिश अली बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह बात अली द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में 10 जनपथ स्थित उनके आवास पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करने और उनका आशीर्वाद मांगने के पांच दिन बाद आई है।**



रिपोर्टों के मुताबिक, सबसे पुरानी पार्टी अली को उत्तर प्रदेश में अमरोहा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतार सकती है, यह सीट कांग्रेस ने अपनी सीट-बंटवारे की बातचीत में समाजवादी पार्टी से हासिल की थी।

14 मार्च को सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद, अली ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस में शामिल होने के बारे में एक बड़ा संकेत दिया। इसके बाद उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि मेरे दूसरे लोकसभा चुनाव में अमरोहा से चुनाव लड़ने के लिए त्याग की प्रतिमूर्ति श्रीमती सोनिया गांधी का आशीर्वाद पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

### स्मृति ईरानी ने राहुल से कहा, अगर आप धर्मनिरपेक्ष हैं, तो धर्म के आधार पर चुनाव नहीं लड़ें



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की नेता स्मृति ईरानी ने कहा कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं तो उन्हें धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि मुद्दों के आधार पर (चुनाव) लड़ना चाहिए। 'न्यूज18 राइजिंग भारत समिट' के एक सत्र के दौरान ईरानी ने कहा कि किसी देश की मंजिल का फैसला उस व्यक्ति द्वारा तय नहीं किया जा सकता, जो अमेठी में हार से डरता है। उत्तर प्रदेश में अमेठी को लंबे समय तक गांधी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। हालांकि, राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए। मंत्री ने कहा, ''यह पहला मौका नहीं है, जब उन्होंने मेरे हिंदू धर्म के खिलाफ कोई बयान दिया है। लेकिन, मेरा मानना है कि अगर वह धर्मनिरपेक्ष हैं, तो उन्हें धर्म के आधार पर नहीं लड़ना चाहिये, बल्कि उन्हें मुद्दों पर लड़ना चाहिये।'' ईरानी ने कहा कि चुनावी राजनीति में जीत और हार अंतर्निहित है, लेकिन सच्चा नेतृत्व किसी के विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहने से प्रदर्शित होता है।

**राजनीति**

### सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो लोकसभा चुनाव, टीएमसी नेता की मांग पर बीजेपी बोली-

## ममता बनर्जी को नया संविधान लिखने देना चाहिए

**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन के चुनावी ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने 19 मार्च को कहा कि ब्रायन और उनकी पार्टी एक नया संविधान बनाना चाहते हैं। सुकांत मजूमदार ने कहा कि डेरेक ओ%ब्रायन और उनकी पार्टी के नेता नया संविधान बनाना चाहते हैं। आइए एक काम करें, हमें ममता बनर्जी को नया संविधान लिखने देना चाहिए। ईसीआई को चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। यह



राज्य चुनाव आयोग की तरह काम नहीं करेगा और जो भी ममता बनर्जी कहेंगी वह करेगी। टीएमसी सांसद डेरेक ओ%ब्रायन पर पश्चिम बंगाल के एलओपी और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि भारत के संविधान के शब्द हैं कि हर कोई भारत की संसद द्वारा अनुमोदित कानूनों के अनुसार चले। डेरेक ओ%ब्रायन की पार्टी (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में संविधान के चार स्तंभों को नष्ट कर दिया है। बता दें कि डेरेक ओ%ब्रायन ने ट्वीट किया था कि भाजपा की गंदी चालें ईसीआई जैसी संस्थाओं को नष्ट कर रही हैं। क्या भाजपा लोगों का सामना करने से इतनी घबरा गई है कि वह विपक्ष को निशाना बनाने के लिए ईसीआई को पार्टी कार्यालय में बदल रही है? टीएमसी नेता ने कहा था कि हम ईसीआई या एचएमवी? निर्वाचित राज्य सरकारों के अधिकारियों का स्थानांतरण! स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए हम सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में 2024 का चुनाव चाहते हैं।

# शौर्य स्मारक में बनेगी आर्ट गैलरी, कलाकारों को अपना हुनर दिखाने मिलेगा नया मंच



**शौर्य स्मारक में निर्मित होने वाली आर्ट गैलरी में होंगे चार कक्ष। एक ही समय में अलग-अलग कलाकारों की प्रदर्शनी को प्रदर्शित किया जा सकेगा।**

भोपाल | शहर के शिल्प और कला से आमजन को परिचित कराने व कलाकारों को पहचान दिलाने के लिए अब एक और आर्ट गैलरी तैयार हो रही है। शौर्य स्मारक के मुक्ताकाश मंच के पास लगभग 10 हजार स्क्वायर फीट में यह गैलरी को आकार लेगी। यहां बड़े क्षेत्रफल के हाल में कलाकारों को अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इस गैलरी में चार कक्ष तैयार किए जाएंगे। एक ही समय में अलग-अलग कलाकारों की प्रदर्शनी को प्रदर्शित किया जा सकेगा। स्वराज संचालनालय के अंतर्गत आने-वाले शौर्य स्मारक में मप्र पर्यटन विभाग द्वारा गैलरी को तैयार किया जा रहा है।

अलग-अलग गैलरियों में कर सकेंगे प्रदर्शन - अभी तक शहर में एकमात्र आर्ट गैलरी स्वराज संचालनालय में स्वराज कला वीथिका है, जहां प्रदर्शनी लगाने में कलाकार कम रुचि दिखा रहे थे। उनके पास दूसरा कोई और आप्शन नहीं है। लेकिन अब उन्हें यह आर्ट गैलरी की नई सौगात मिलेगी। कलाकारों की अधिक मांग को देखते हुए शौर्य स्मारक में गैलरी का निर्माण किया जा रहा है। शहर के बीच में कला को प्रदर्शित करने के लिए कलाकारों को मंच मिलेगा। इसके अलावा शौर्य स्मारक में आने वाले पर्यटक गैलरी में विजिट भी कर सकेंगे। इसके अलावा कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन अलग-अलग गैलरी के माध्यम से दिखा सकेंगे।

इन कलाओं को मिलेगा मंच - इसमें भोपाल के फोटोग्राफी क्लब के मेंबर्स अपनी बेस्ट फोटो प्रदर्शित कर सकेंगे। साथ ही मृदा शिल्प एवं पाटरी डेमोस्ट्रेशन भी होगा। शहर के कलाकार वुडन से तैयार आइटम्स डिस्प्ले कर सकेंगे। वहीं चित्रकारी से जुड़े समूह भी अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे।

गैलरी बनने से कलाकारों को नयी जगह प्राप्त होगी। एक समय पर अलग-अलग प्रदर्शनी को लगाया जा सकेगा। कलाकारों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस गैलरी को तैयार किया जा रहा है। • संतोष वर्मा, उपसंचालक, स्वराज संचालनालय

# भोपाल स्टेशन पर ड्राप एंड गो लेन में एसयूवी ने युवती को मारी टक्कर, मौत

भोपाल | भोपाल रेलवे स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म एक की तरफ से बाहर निकल रही 24 वर्षीय युवती को एक एसयूवी ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में युवती को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार शाम पांच बजे की है। एसयूवी चालक अपनी बहन को लेने स्टेशन आया था। पुलिस ने एसयूवी को जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है। चालक फरार है।

जीआरपी टीआइ जहीर खान ने बताया कि बैतूल की रहने वाली मेधा वैष्णव (24 वर्ष) पढ़ाई करती है। वह अपनी सहेली के साथ बैतूल से ट्रेन में सफर कर भोपाल पहुंची थी। वह भोपाल स्टेशन की नई बिल्डिंग के बाहर निकल रही थी, उसी समय दो लड़के एसयूवी में सवार होकर अपनी बहन को लेने आए थे। उन्होंने ड्राप एंड गो लेन में मेधा को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लोगों ने एक युवक को पकड़ा, चालक फरार - इधर, हादसे के बाद एसयूवी चालक ने वाहन के साथ भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने दौड़कर एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसका चालक भागने में सफल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक युवती के स्वजनों को सूचना दे दी गई है।

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का खेल मैदान बना शराबियों का अड्डा, जगह-जगह बिखरी पड़ी बोतलें



भोपाल | राजधानी का बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का खेल मैदान इन दिनों शराबियों का अड्डा बना हुआ है। मैदान में जगह-जगह पड़ीं शराब की बोतलें इस बात की पुष्ठि कर रही हैं कि रात के अंधेरे में मैदान में शराबियों की महफिल जमती है। यह ऐसे समय में हो रहा है कि विश्वविद्यालय के चंदन के पेड़ और आवासों में चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। शराब की बोतलें यहां के सुरक्षा इंतजामों में बरती जा रही लापरवाही की भी पोल खोलती हैं।

हम बता दें कि दिसंबर 2023 में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर में निवास स्थापना शाखा के कर्मचारी मनोहर हेडाऊ के सूने आवास को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और पचास हजार रुपये गायब किए थे। इसकी शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर ली थी। इससे पहले चंदन पेड़ चोरों को भी पुलिस ने पकड़ा था।

**इस मैदान में पड़ी हैं शराब की बोतलें** - बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास दो खेल के मैदान हैं, एक विश्वविद्यालय के गेट के बगल में दूसरा उसके पीछे बना हुआ है। यहां समय-समय पर वीआइपी मूवमेंट को लेकर हेलीपेड बनाया जाता है।

यहां पुलिस ने पक्का निर्माण कर हेलीपेड बना दिया है। यहां लोग क्रिकेट खेलते हैं और सुबह लोग सैर करने आते हैं। इस मैदान पर रात में अंधेरा होता है, जहां लोग जमा होते हैं।

इस मैदान में हर कोने में शराब की बोतल और पानी बोतलों पड़ी रहती हैं। जबकि इन मैदान की सुरक्षा का जिम्मा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्ड पर है।

विश्वविद्यालय में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, लेकिन एक दो जगहों पर बाउंड्रीवाल टूटने के कारण अज्ञात व्यक्ति अंदर घुस जाते हैं। इसकी कई बार थाने में शिकायत की जा चुकी है। • आइके मंसूरी, कुलसचिव, बीयू

# मप्र में पहले चरण के चुनाव के लिए बुधवार को जारी होगी अधिसूचना, 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

**प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी।**



भोपाल | लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मध्य प्रदेश की छह सीटों के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी। सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर कार्यालय में जमा होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित व्यय सीमा 95 लाख रुपये रहेगी।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। निर्वाचन सदन, भोपाल में आयोजित बैठक में भाजपा से मनोज द्विवेदी व एसएस उप्पल, कांग्रेस से जेपी धनोपिया, बहुजन समाज पार्टी से सीएल गौतम ,आम आदमी पार्टी के सुमित सिंह चौहान, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सुरेन्द्र जैन उपस्थित रहे। कांग्रेस के चुनाव आयोग से संबंधित कार्यों के प्रभारी जेपी धनोपिया ने बताया कि हमने मतदाता सूची और अधिकारियों के स्थानांतरण से जुड़े विषय को रखा है।

# लोकसभा चुनाव आते ही 'शक्ति' पर मची खींचतान, लेकिन नेतृत्व क्षमता पर नहीं दिखाते भरोसा

**संसद के 543 सदस्यों में 83 महिलाएं हैं जबकि, 230 सदस्यों वाली मध्य प्रदेश विधानसभा में 27 महिलाएं हैं।**



भोपाल | लोकसभा चुनाव आते ही 'शक्ति' पर खींचतान मच गई है। मध्य प्रदेश ही नहीं, देश भर में महिलाओं की पूछपरख बढ़ गई है। कांग्रेस ने नारी यानी 'शक्ति' का साथ पाने के लिए एक लाख रुपये देने की महालक्ष्मी योजना लाने का वादा किया है, लेकिन विडंबना यह है कि वोटों की खातिर महिलाओं पर अपनत्व, स्नेह लुटा रहे दोनों राष्ट्रीय दलों के संगठन और सरकार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अपेक्षानुसार नहीं है।

शक्ति की चर्चा तब आरंभ हुई, जब राहुल गांधी ने बयान दिया कि हम मोदी या भाजपा से नहीं बल्कि एक 'शक्ति' से लड़ रहे हैं। बस फिर क्या था, भाजपा ने इसे सनातन का अपमान बता दिया। बैकफुट पर आकर राहुल गांधी और कांग्रेस बचाव में उतर आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, वे मां-बहन रूपी 'शक्ति' की रक्षा में अपनी जान लगा देंगे।

हालांकि, शक्ति के उपासक बने दोनों दलों के नेतृत्व की प्रथम पंक्ति में महिलाओं की कमी है। मध्य प्रदेश में उमा भारती भाजपा में यह हैसियत रखती थीं, यद्यपि पिछले 18 वर्षों में केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बावजूद वह क्रमशः अपना जादू खो चुकी हैं। यही हाल कांग्रेस का है। महिलाओं के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाली पार्टी के प्रदेश संगठन में अहम भूमिका में एक भी महिला नहीं है।

इसी तरह कांग्रेस में जमुना देवी कभी मुख्यमंत्री पद की दावेदार हुआ करती थीं, उनके जाने के बाद कोई बड़ा चेहरा महिला चेहरा कांग्रेस में आज तक उभर कर सामने नहीं आ सका है। इधर, संसद के 543 सदस्यों में 83 महिलाएं हैं जबकि, 230 सदस्यों वाली मप्र विधानसभा में 27 महिलाएं हैं।

स्थानीय राजनीति में आगे हैं महिलाएं - मध्य प्रदेश में राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी भले ही शीर्ष स्तर पर नहीं बढ़ रही है लेकिन प्रदेश में पंचायत और नगरीय निकाय जैसी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व निरंतर बढ़ रहा है। प्रदेश के 16 नगर निगमों में से नौ में महिला महापौर हैं।

विधानसभा और लोकसभा में महिला आरक्षण नहीं है फिर भी यहां महिलाओं की संख्या कम नहीं है। मप्र विधानसभा में लगभग 11 प्रतिशत से ज्यादा यानी कुल 230 सदस्यों वाले सदन में 27 है। वहीं, लोकसभा में 29 में से चार सांसद महिलाएं हैं। वहीं, इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से कोटा बढ़ाकर छह महिलाओं को टिकट दी गई है।

# बाजार में नहीं मिल रही है एनसीईआरटी की किताबें, अभिभावक हो रहे हैं परेशान

**बाजार में किताब दुकान एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, ताकि अभिभावक निजी प्रकाशकों की किताबें खरीद सकें।**



भोपाल | स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों का शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू करने का आदेश दिया है, लेकिन कुछ स्कूलों में मार्च के चौथे सप्ताह में ही नया सत्र शुरू करने की तैयारी में हैं।निजी स्कूलों द्वारा रिजल्ट के समय ही अभिभावकों को किताबों की सूची दे दी गई है। इस कारण के कई विषयों की किताबें बाजार में नहीं मिल रही है। वहीं निजी स्कूल संचालकों ने कुछ खास प्रकाशकों की किताबों को ही पाठ्यक्रम में शामिल किया है।ये किताबें स्कूल संचालकों द्वारा निर्धारित की गई दुकानों पर ही मिल रही है।किताब दुकान संचालक अभिभावकों से स्कूल का नाम पूछते हैं और कापी-किताबों का पूरा सेट पकड़ा देते हैं।ऐसे में स्कूल संचालकों को कमीशन देने के फेर में किताब दुकान निजी प्रकाशकों की किताबों का मनमाना कीमत वसूल रहे हैं।वहीं निजी स्कूल आठवीं कक्षा तक एनसीईआरटी के बदले निजी प्रकाशकों की किताबें चला रहे हैं। इस कारण अभिभावकों पर दोगुना भार पड़ रहा है। कुछ स्कूल एनसीईआटी के साथ-साथ निजी प्रकाशकों की किताबें भी चला रहे हैं। बाजार में किताब दुकान एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, ताकि अभिभावक निजी प्रकाशकों की किताबें खरीद सकें।

निजी प्रकाशकों की किताबें महंगी - एनसीईआरटी की एक किताब 50 से 60 रुपये मिलती है तो निजी प्रकाशकों की किताबें 300 से 400 रुपये में मिल रही है। ऐसे में तीसरी कक्षा में एनसीईआरटी की पांच किताबें 300 से 400 रुपये में मिल रही है। वहीं निजी प्रकाशकों की चार से पांच हजार रुपये में मिल रही है।

# बिजली की प्रतिदिन सैकड़ों शिकायतें, समाधान के लिए सिर्फ तीन कर्मचारी

**45 मिनट में होनी चाहिए विद्युत उपभोक्ता की शिकायत हल। लेकिन लग रहा एक घंटे से अधिक का समय। शहर के 27 जोन में 20 हजार कनेक्शन।प्रति घंटा दर्ज होती हैं औसतन पांच शिकायतें।**



भोपाल | शहर में बिजली की प्रतिदिन सैकड़ों शिकायतें उपभोक्ताओं के द्वारा दर्ज कराई जाती हैं। इनमें बिजली कनेक्शन में फाल्ट, बिजली गुल, उपकरण में खराबी आदि शामिल रहती हैं। इन शिकायतों को अधिकतम 45 मिनट में दर्ज कर निराकरण किया जाना चाहिए, लेकिन इसमें लगभग एक से दो घंटे तक का समय लग रहा है। दरअसल शहर में बिजली के 27 जोन हैं, प्रति जोन लगभग 10-15 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है। वहीं शिकायतों का निराकरण करने के लिए प्रति जोन में एक शिफ्ट में तीन कर्मचारी रहते हैं। इसी वजह से बिजली की शिकायतों का निराकरण करने में लंबा समय लग रहा है। जिसका खामियाजा बिजली उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

अब तक बने सिर्फ दो नए जोन - जानकारी के अनुसार शहर सर्कल में पिछले चार वर्ष में सिर्फ दो नये जोन बन पाए हैं। पहले विद्यानगर जोन को विभाजित कर कटारा हिल्स नया जोन बनाया गया था। इसके बाद दानिशकुंज जोन को विभाजित कर बैरागढ़ चीचली जोन बनाया गया है। वहीं कंपनी ने शिकायत दर्ज करने के लिए सिस्टम को अत्याधुनिक कर लिया है, लेकिन मैदानी अमले की दिक्कत अब भी बनी हुई है। काल सेंटर पर प्रतिदिन करीब 55 शिकायतें दर्ज होती हैं लेकिन जब भी मौसम बिगड़ता है तो इनकी संख्या ढाई हजार तक पहुंच जाती है।

बड़े -बड़े जोन, कर्मचारी कम, लगता है समय - शिकायत मिलने पर 45 मिनट में अमला पहुंचता है लेकिन कंपनी का यह दावा सफल नहीं हो पा रहा है। उदाहरण के तौर पर 15 किलोमीटर दायरे में फैले चांदबड़ा जोन में करीब 32 हजार उपभोक्ता हैं। यहां एक शिफ्ट में तीन कर्मचारी हैं। इसी तरह 12 किलोमीटर में फैले इंद्रविहार जोन में 23 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं।इसी तरह के हालात विद्यानगर जोन में हैं जहां पर करीब 26 हजार उपभोक्ता हैं।

निरंतर काल आने से एंगेज हो जाता है नंबर - बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के लिए काल सेंटर का नंबर 1912 उपलब्ध कराया है। कंपनी का दायरा भोपाल सहित 16 जिलों तक हैं।यहां के उपभोक्ता शिकायतें दर्ज कराते हैं।इस दौरान 150 से अधिक काल लगने पर यह नंबर एंगेज हो जाता है।इसके अलावा काल उठाने वाले कर्मचारी द्वारा आइवीआरए नंबर भी मांगी जाती है। ऐसे में उपभोक्ता परेशान होते रहते हैं।

चैट बोट सुविधा भी फेल - चैट बोट सुविधा का लाभ भी उपभोक्ता नहीं उठा पा रहे हैं। इस पर एक दो बार में 15 बिंदु आते हैं। अंग्रेजी में मैसेज होने से आम उपभोक्ता प्रक्रिया को समझ नहीं पाते हैं।इसके अलावा वाट्सएप पर भी शिकायत का दावा किया जा रहा है लेकिन यह सुविधा भी असफल ही होती नजर आ रही है।

शिकायतों का निराकरण करने के लिए मैदानी अमले के साथ ही काल सेंटर और बिजली स्टेशनों पर अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहते हैं। कुछ जोन का क्षेत्र बड़ा होने से वहां पर निर्धारित समयावधि से कुछ ज्यादा समय लग जाता है। हालांकि शिकायतों का निराकरण पूरी तरह कर दिया जाता है। • मनोज द्विवेदी, पीआरओ, मप्र मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी

# नव-संवत्सर के साथ बैरागढ़ में कपड़ा संघ शुरू करेगा धर्मशाला का निर्माण, सभागृह भी बनेंगे

**चैतीचांद शोभायात्रा के बाद निर्माण कार्य शुरू करने का प्रस्ताव। सीहोर नाका क्षेत्र में बनाई जानी है धर्मशाला।**



भोपाल | संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में गरीब एवं मध्यम वर्ग की सुविधा के लिए थोक वस्त्र व्यवसाय संघ की ओर से आधुनिक धर्मशाला का निर्माण अब नव संवत्सर के साथ शुरू होगा। धर्मशाला के लिए पिछले दिनों नया लेआउट प्लान जारी किया गया था, लेकिन बजट की कमी के कारण काम टल गया।

नगर निगम से मिली अनुमति - कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी के अनुसार चैतीचांद शोभायात्रा में संघ के सभी सदस्य शामिल होंगे। हिंदू नववर्ष उत्सव मनाने के बाद सीहोर नाका क्षेत्र में धर्मशाला का काम प्रारंभ होगा। 15 अप्रैल तक हर हाल में काम प्रारंभ करने का प्रस्ताव है। संघ ने इसके लिए नगर निगम से अनुमति भी प्राप्त कर ली है। धर्मशाला में दो दर्जन कमरे बनाने का प्रस्ताव है। इसरानी ने कहा कि कारोबार के सिलसिले में सूरत, अहमदाबाद एवं मुंबई आदि के बड़े व्यापारी एवं मिल मालिक यहां आते हैं। कई बार उन्हें ठहरने के लिए शहर के बीच में जगह नहीं मिल पाती। बाहर से आने वाले व्यापारियों को धर्मशाला में प्राथमिकता के आधार पर कमरे दिए जाएंगे। इसके अलावा मांगलिक सीजन में यहां शादी, ब्याह भी हो सकेंगे।

दो सभागृह बनेंगे, बैठक हो सकेगी - धर्मशाला में दो साउंडप्रूफ सभागृह बनाने का प्रस्ताव है। इन सभागृह में संघ की नियमित बैठकें भी हो सकेंगी। सभागृह सामाजिक संस्थाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसरानी के अनुसार धर्मशाला का निर्माण व्यापारी संघ के सदस्य अपने स्तर पर जुटाई धनराशि से करा रहे हैं। संघ ने करीब 60 साल पहले कपड़ा धर्मशाला का निर्माण मिनी मार्केट में कराया था। यह इलाका अब व्यवसायिक क्षेत्र में बदल चुका है। इस कारण संघ अपनी जमीन पर नई धर्मशाला का निर्माण करा रहा है। संघ के संस्थापक रमेशलाल आसवानी, पूर्व अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, नरेंद्र लालवानी एवं चंदूभाई की मौजूदगी में पिछले दिनों भूमिपूजन किया गया था।

# 415 पीएमश्री स्कूलों में खुलेगी अटल टिंकरिंग लैब, 112 के लिए 29 लाख की राशि स्वीकृत



भोपाल | पीएमश्री योजना के तहत चयनित 415 सरकारी स्कूलों को सर्वसुविधायुक्त बनाने का काम शुरू है। इसके तहत पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षा, प्रयोगशाला, खेल मैदान, भवन सहित कई सुविधाएं तो उपलब्ध कराई ही जाएंगी, स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब भी खोली जाएगी, ताकि कला के क्षेत्र में विद्यार्थी रचनात्मक कार्य कर सकें।

मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने पहले चरण में 112 पीएमश्री स्कूलों में अटल लैब के लिए 29 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें एक स्कूल को 25 से 50 हजार रुपये तक मिलेंगे। अटल टिंकरिंग लैब का उद्देश्य गतिविधि आधारित शिक्षा के तहत विद्यार्थियों के बीच इनोवेशन, क्रिएटिविटी और वैज्ञानिक पहलुओं को बढ़ावा देना है। यहां आर्ट एंड क्राफ्ट की क्रिएटिविटी भी सिखाई जाएगी। लैब में थ्रीडी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के नए तकनीकों से विद्यार्थियों रूबरू हो सकेंगे।

राशि स्वीकृत हो चुकी है, पहले चरण में 112 पीएमश्री स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब खोली जा रही है। - डा. हेमंत शर्मा, पीएमश्री प्रभारी, डीपीआइ।

# 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता है, तो नहीं मिलेगी घर से मतदान की सुविधा, जान लें नए नियम

**लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने बदले नियम। इसी तरह अब 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान करने का मौका मिलेगा।**




भोपाल | लोकसभा चुनाव में अब 40 प्रतिशत से कम दिव्यांग मतदाता घर से मतदान नहीं कर सकेंगे। इसी तरह 80 वर्ष से 85 वर्ष तक की आयु वाले मतदाताओं को भी केंद्रों पर मतदान करने जाना होगा। दरअसल निर्वाचन आयोग ने चुनाव से पहले नियमों में बदलाव कर दिया है। नियमों के अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने का मौका मिलेगा और दिव्यांगों की जांच कराई जाएगी। इस दौरान चुनाव अधिकारी उनके दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र भी देखेंगे, जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होनी चाहिए। जांच के बाद ही उन्हें घर से मतदान का मौका दिया जा सकेगा।

बीएलओ कर रहे जांच - लोकसभा चुनाव में नए आदेश के बाद सभी बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्र में जांच शुरू कर दी है। दिव्यांगों की अलग से सूची तैयार कर उनके शारीरिक सत्यापन के साथ दिव्यांगता का प्रतिशत भी देखा जाएगा। जिसके बाद वह घर से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे का कहना है कि 85 वर्ष से अधिक आयु वाले और दिव्यांग मतदाताओं के संबंध में सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं।

# आरटीई के तहत 66 हजार बच्चों को मिला पहली पसंद का स्कूल, 27 हजार सीटें अब भी रिक्त

**नवीन शैक्षणिक सत्र में आरटीई के तहत 1.12 लाख सीटों पर 84 हजार 795 को स्कूल आवंटित। चयनित विद्यार्थी पोर्टल से आवंटन पत्र डाउनलोड कर 22 मार्च तक स्कूल में प्रवेश ले सकते हैं।**




भोपाल | शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रदेशभर के 23 हजार निजी स्कूलों में 1.12 लाख सीटों पर 84 हजार 795 बच्चों को लाटरी निकालकर उन्हें स्कूल आवंटित किया गया। अब भी 27 हजार 305 सीटें खाली हैं। इसमें साढ़े 66 हजार को पहली पसंद का, साढ़े नौ हजार को दूसरी, पांच हजार को तीसरा और डेढ़ हजार को चौथे पसंद का स्कूल आवंटित किया गया। जिनको स्कूल का आवंटन हुआ है, वे आरटीई पोर्टल से आवंटन पत्र डाउनलोड करके 22 मार्च तक स्कूल में प्रवेश ले सकते हैं।

मोबाइल एप से रिपोर्टिंग करना अनिवार्य - प्रवेश के लिए उपस्थित होने पर संबंधित स्कूल द्वारा आरटीई मोबाइल एप से एडमिशन रिपोर्टिंग करना अनिवार्य है, क्योंकि जिनकी एप से रिपोर्टिंग नहीं होगी, वह प्रवेश मान्य नहीं होगा। अभिभावकों से अपील की गई है कि बच्चे के स्कूल में उपस्थिति के समय ही स्कूल द्वारा मोबाइल एप से फोटो लेना एवं ओटीपी के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग अवश्य करें। प्रथम चरण में आवंटित स्कूल में यदि प्रवेश नहीं लेना चाहते हैं तो जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह जाएंगी, उन स्कूलों की च्वाइस दर्ज कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस का कहना है कि पहली व दूसरी पसंद के स्कूलों में ही अभिभावक बच्चों का एडमिशन कराते हैं, इसलिए आरटीई के तहत सीटें खाली रह जाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रामकिशोर नंदबंसी बने विदिशा लोकसभा पभारी



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद माननीय विष्णु दत्त शर्मा जी संगठन महामंत्री आदरणीय हिंतानंद जी शर्मा प्रदेश महामंत्री भाजपा प्रदेश प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा आदरणीय रणवीर सिंह जी रावत प्रदेश अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश सरकार माननीय नारायण सिंह जी कुशवाह की सहमति से भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव के लोकसभा प्रभारीयों की घोषणा हुई पूर्व प्रदेश मंत्री पिछड़ावर्ग मोर्चा रामकिशोर नंदवंशी को विदिशा लोकसभा प्रभारी बनाए गए। लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर मंडल महामंत्री सुनील बाल्मीकि पार्षद सुजीत यादव सुनील सेरिया राजेंद्रसाह आरती यादव बचन सिंह लोधी धर्मेंद्र चौरसिया बारेलाल नायक मोनू बंजारा प्रीतम सिंह भूपेंद्र मेहरा आदि ने बधाई दी।

### जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी गठित

**धार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा ने लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु जिले में पेड न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया एवं सोशल मीडिया से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी एवं मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किये जाने का आदेश जारी किया हैं।गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा अध्यक्ष रहेंगे। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर (विकास) सविता झनिया, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग धार रोशनी पाटीदार, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग सरदारपुर मेघा पंवार, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग कुक्षी प्रमोद सिंह गुर्जर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग गंधवनी, मनावर, धरमपुरी राहुल गुप्ता, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग बदनावर दीपक चौहान, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग पीथमपुर शाश्वत शर्मा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल कुमार चौधरी, प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र कपिल राणे और दूरदर्शन/आकाशवाणी के पत्रकार सुनील सचान सदस्य रहेंगे तथा सहायक संचालक जिला जनसंपर्क कार्यालय विठ्ठल माहेश्वरी सदस्य सचिव रहेंगे।इसी प्रकार मीडिया सर्टिफिकेषन कमेटी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा अध्यक्ष रहेंगे। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर (विकास) सविता झनिया, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल कुमार चौधरी सदस्य रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### जिला व्यय अनुवीक्षण समिति का गठन

**धार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र-25 धार-महु के लिये जिला व्यय अनुवीक्षण समिति (ड्डश्वरूष्ट) का गठन किये जाने का आदेश जारी किया है। जिसमें निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी व्यय प्रेक्षक, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण रहेंगे। यह अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को दिये गये नोटिस में छुपाये गये व्यय का खंडन करते है तो वे असहमति के कारण उल्लेख करते हुए उत्तर प्रस्तुत करेंगे। ऐसी स्थिति में उक्त समिति जिला स्तर पर साक्ष्यों की जॉच उपरांत आयोग के निर्देशानुसार उचित निर्णय लेगी।

### जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय स्क्वाड समिति का गठन

**धार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। आदर्श आचरण संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के लिय जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय स्क्वाड एवं विकासखण्ड स्तरीय स्क्वाड समिति का गठन किये जाने का आदेश जारी किया है। उक्त् स्क्वाड की आदर्श आचरण संहिता को सख्ती से लागू कराने की जिम्मेदारी होगी। जिला स्तरीय स्क्वाड समिति में वन मण्डलाधिकारी टीम लीडर रहेंगे। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर राजस्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं परियोजना अधिकरी शहरी विकास अभिकरण सदस्य होंगे।

**राज्य स्तरिय शिक्षक पुरुस्कार 2024 ' के चयन हेतु शिक्षको से आनलाईन आवेदन आमंत्रित** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 'राज्य स्तरिय शिक्षक पुरुस्कार 2024 ' के चयन हेतु शिक्षको से आनलाईन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया जिला / संभाग स्तरिय चयन समिति मुल्यांकन के मापदण्ड एवं प्रक्रिया राज्य स्तर पर स्कूटनी राज्य स्तरीय समिति

# भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस अपना अस्तित्व खो रही

## हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर घर-घर संपर्क करें कार्यकर्ता- आलोक शर्मा



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी लगातार चुनावी मोड पर आगे बढ़ती जा रही है। इसी बीच मंगलवार को नरेला विधानसभा में मंत्री विश्वास सारंग ने भोपाल लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश शासन के मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि हम बड़े ही सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमें काम करने का अवसर मिला है। आजादी के बाद वर्षों बरस में जो कार्य नहीं हो पाए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में संपन्न हुए हैं। आज धारा 370 खत्म होने के बाद कोई आतंकवादी बॉर्डर क्रॉस करके हमारे देश में नहीं आ पा रहा है। भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस पार्टी अपना अस्तित्व खो रही है। आतंकवाद, अलगाववाद, क्षेत्रवाद, नक्सलवाद जैसी समस्याएं खत्म हो गई। यही नहीं विदेशों में भी हमारी धाक बढ़ गई है। प्रधानमंत्री जी ने न खाऊंगा न खाने दूंगा और सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास मूल मंत्र के साथ जिस तरह से देश की बागडोर को आगे बढ़ने का काम किया है, हम भारतवासियों के लिए यह बड़े ही गर्व की बात है। भगवान राम का भव्य और दिव्य मन्दिर बनने के बाद प्रभु श्री राम उसमें बिराजमान हो गए हैं। कांग्रेस ने राम को नकार दिया। राम के खिलाफ कोर्ट में हलफनामा दिया। कांग्रेस ने कहा कि राम का अस्तित्व नहीं है। अब राम की कृपा से कांग्रेस का ही अस्तित्व समाप्त होने वाला है। लोकसभा चुनाव को लेकर हमारे सभी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। इस बार भारतीय जनता पार्टी जनता की ओर से आए नारे के साथ 400 से ज्यादा सीटें जीतकर इतिहास बनाएगी।

भोपाल लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी श्री आलोक शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सभी कार्यकर्ता हर बूथ पर पार्टी के पक्ष में 370 नए वोट जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क करें। मैं आपके ही बीच का एक साधारण सा कार्यकर्ता हूं। मैं संगठन की रीति-नीति और सिद्धांतों पर काम करके ही आगे बढ़ा हूं। पार्टी ने मुझे प्रत्याशी बनाया है। मैं पार्टी की रीति नीतियों पर चलकर आपके बीच काम करके आपकी सेवा करना चाहता हूं। आप सभी वर्षों से पार्टी के मजबूत सिपाही हैं। केंद्र और राज्य की जनकल्याण की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

अवैध शराब परिवहन को लेकर टांडा पुलिस की कार्यवाही

# आयशर वाहन से 950 पेटी शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**धार।** डाई-डे प्रदेश गुजरात की और जा रही अवैध शराब के खिलाफ टांडा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही की गई है। वाहन राजगढ़ से टांडा होते हुए पडोसी जिले आलीराजपुर की और जा रहा था, सूचना के बाद पुलिस ने नाकाबंदी की व उक्त वाहन को रोका गया। चालक से जब पुलिस ने शराब परिवहन को लेकर दस्तावेजों की मांग रखी तो आरोपी को कागज नहीं बता सका। वाहन सहित शराब को लेकर पुलिस रात में ही थाने पर पहुंची, जहां पर पुलिस ने अलीराजपुर निवासी टीकम पिता मोदला उम्र 30 साल के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। शराब सहित वाहन की कुल कीमत करीब 43 लाख रुपए है। दरअसल लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष करने के उद्देश्य से गत दिनों एसपी मनोज कुमार सिंह ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों की एक बैठक ली थी। बैठक में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे, इसी कड़ी में टांडा पुलिस ने शराब परिवहन को लेकर कार्यवाही की है। मंगलवार दोपहर के समय पत्र परिषद में एसडीओपी सुनील गुप्ता ने कार्यवाही के बारे में पूरी जानकारी दी। थाना प्रभारी उनि गुलाबसिंह भयडिया ने बताया कि कल रात में मुखबिर से मिली सूचना के बाद ग्राम बांकी में पुलिया के पास नाकाबंदी की गई थी। वाहन क्रमांक एमपी-41 एचए-1050 को रोका गया। चालक को अभिरक्षा में लेकर पुलिस बल रात में ही थाने पर पहुंचा, वाहन के अंदर 950 पेटी बीयर की रखी हुई थी। थाने की कार्यवाही पूरी होने के बाद पुलिस आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश करके रिमांड प्राप्त करेगी, ताकि अवैध शराब के स्त्रोतों को लेकर पुलिस जानकारी जुटा सके।

महुआ लहान को लेकर आबकारी विभाग की कार्यवाही

# साढ़े पांच घंटे 15 किलोमीटर क्षेत्र में की सर्चिंग

**11 लाख रुपए कीमत के उपकरण सहित लहान जब्त**



**धार।** तिरला ब्लॉक के ग्राम सुरजपुरा क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही की गई है। यहां पर महुआ लहान शराब का निर्माण किया जा रहा था, पहाड़ी क्षेत्र होने के चलते चार टीमें बनाकर अधिकारियों ने अलग-अलग रास्ते से दबिश दी। करीब 15 किलोमीटर क्षेत्र में सर्च की गई, इस दौरान मौके पर महुआ निर्माण होते हुए मिला है, हालांकि टीम के आने से पहले ही महुआ बनाने वाले लोग मौके पर सामान छोड़कर फरार हो गए। साढ़े पांच घंटे चली कार्यवाही के दौरान 10 हजार किलो महुआ अधिकारियों को मिला है। सैंपल लेने के बाद विधिवत नष्ट करने की कार्यवाही टीम द्वारा की गई है। महुआ लहान सहित बनाने में उपयोग आने वाले उपकरणों की कुल कीमत 11 लाख 41 हजार रुपए है।

दरअसल लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश बैठक में गत दिनों जिला कंट्रोल रूम पर सहायक आबकारी आयुक्त विक्रम दीप सांगर द्वारा दिए गए थे। जिसके बाद से ही अवैध शराब परिवहन रोकने के लिए व्रत अधिकारियों द्वारा फोरलेन मार्ग पर गश्त बढ़ाई गई है, होटलों व ढाबों पर विशेष रुप से चेकिंग की जा रही है। साथ ही महुआ लहान निर्माण के अड्डों पर भी अधिकारी दबिश दे रहे है। इसी कड़ी में धार वृत्त की संयुक्त टीम ने तिरला क्षेत्र में कार्यवाही की है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी आरएस राय के अनुसार अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में ग्राम सूरजपुरा, ग्राम पाडल्या व ग्राम भूतिया में दबिश देकर मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत कुल पांच प्रकरण दर्ज किए गए। साथ ही महुआ लाहन 10 हजार 800 किलोग्राम मौके पर सैंपल लेकर नष्ट किया गया तथा हाथ भट्टी मदिरा 410 बल्क लीटर जब्त की गई है।

# 24 मार्च को बालीपुर धाम पहुंचेंगे संपूर्ण रामायण धारावाहिक के कलाकार

**धार।** श्री बालीपुर धाम में अवतार श्री गजानंद जी महाराज बाबा जी के 104 वे अवतरण दिवस पर 1008 श्री श्री योगेश जी महाराज एवं श्री सुधाकर जी महाराज की अगुवाई में द्वारा मंत्रोच्चार के माध्यम से हवन किया गया। तथा परिक्रमा के साथ कन्या पूजन भी किया गया। ब्राह्मणी एवं ब्राह्मणों द्वारा गायत्री मंत्र के चतुर्थ दिवस पर जाप किया गया ।दूसरी तरफ हनुमान चालीसा पाठ एवम दुर्गा चालीसा का पाठ किया जा रहा है। वही 24 मार्च रविवार को प्रसिद्ध टीवी सीरियल रामानंद सागर कृत संपूर्ण रामायण मे श्री राम की भूमिका निभाने वाले श्री अरुण गोविल, माता सीता की भूमिका निभाने वाली श्रीमती दीपिका चिखलिया, व भाई लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले श्री सुनील लहरी धर्ममयी गंगा में सराबोर के लिए बालीपुर धाम पहुंच रहे हैं। सद्गुरु सेवा समिति के जगदीश पाटीदार ने बताया कि विभिन्न समितियों के गुरू भक्तो द्वारा राधेश्याम मालवीया, पन्नालाल गेहलोत ,कपिल सोलंकी की उपस्थिति में विभिन्न समितियो से अलग-अलग कार्य करवा रहे है। रवि शर्मा, दुर्गा शंकर तारे ,रवींद्र शुक्ला खंडवा के पंकज शर्मा ,मलतारे जी द्वारा मातृ शक्तियो से मंत्र जाप करवा रहे हैं। रात्रि कालीन में बालाजी मित्र मंडल धरमपुरी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। गंधवानी भक्तों की टीम द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ करवाया गया।

नाबालिक बच्चों एवं स्टंटबाज बाइकर्स को समझाइश के साथ कार्यवाही

# पुलिस ने 15 बाइकर्स के विरुद्ध की चालानी कार्रवाई, नाबालिको के परिजनों को भी की किया सूचित



**धार।** पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इंद्रजीत बाकलवार के मार्गदर्शन में पुलिस जनसंवाद में उठाए गए विषयों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। सरदारपुर एसडीओपी आशुतोष पटेल एवं थाना प्रभारी राजगढ़ संजय रावत के नेतृत्व में राजगढ़ थाना क्षेत्र की सड़कों पर रात्रि में स्टंट करने वाले बाइकर्स एवं अफरा-तफरी मचाने वाले नाबालिगों पर ट्रैफिक सूबेदार नितेश राठौर एवं उनकी टीम द्वारा विशेष नजर रखी जा रही है।

रामगढ़ थाना क्षेत्र की सड़कों पर चेकिंग करते हुए 15 बाइकर्स के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है। बाइक चलाने वाले नाबालिक बच्चों के परिवार जनों को फोन करके सूचित किया गया एवं मौके पर बुलाकर भी समझाइश दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 14 बच्चों के परिजनों को फोन से सूचित किया गया।

**स्टंटबाजों पर रखी जा रही नज़र** - सरदारपुर एसडीओपी आशुतोष पटेल ने बताया कि यदि नगर की सड़कों पर स्टंट करते हुए बाइकर्स पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा नगर की प्रमुख सड़कों पर कैमरे एवं सिविल पुलिस के माध्यम से लगातार नजर रखी जा रही है। साथ ही दोपहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसरों का प्रयोग करके तेज आवाज से शोर मचाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसरों का प्रयोग करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है।

**नगर वासियों से पुलिस ने की अपील** - राजगढ़ नगर निवासियों से राजगढ़ पुलिस थाना एवं ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है कि अपने घर के नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना देवें। उन्हें यह समझाइश देवें कि सड़कों पर अनावश्यक बाइक स्टंट एवं ओवर स्पीडिंग ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध में कड़ी कार्यवाही की जावेगी एवं उनके दोपहिया वाहनों को जब्त भी किया जावेगा।

# पिट्रोल में भगोरिया पर भारी भीड़ उमड़ी भाजपा नेताओं ने पिट्रोल मैं थाली ढोल ढोल के थाप स्वर जमकर नाचे



**झाबुआ।** झाबुआ मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर गुजरात बॉर्डर से लगा हुआ ग्राम पिटोल मैं आज भगोरिया की धूमधाम रही हजारों की संख्या में आदिवासी नौजवान महिला बालिका युवा और शहरी जनता मौजूद रही इस अवसर पर भाजपा से जुड़े हजारों कार्यकर्ता भगोरिया में सम्मिलित हुए भाजपा जिला अध्यक्ष भानु भूरिया अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य राज्यसभा सांसद समर सिंह सोलंकी जनपद अध्यक्ष हरु भूरिया पूर्व जिला अध्यक्ष दौलत भावसार शैलेश दुबे जनपद सदस्य प्रियल मेडा सरपंच बलवंत मेडा मुन्ना मेडा माखन कुंडिया सरपंच जिला पंचायत सदस्य बहादुर हटेला कल्याण सिंह डामोर महेंद्र ठाकुर बबलू सकलेचा लाल गारी विनोद पांचाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता इकट्ठे हुए इस अवसर पर भगवा धारी कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े संख्या में ठठोल लेकर ग्राम के मुख्य बाजारों में गैर निकाल कर नाचते गाते और झूमते हुए वापस पहुंचे इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के राष्टीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य और राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी एवं कार्यकर्ताओं के साथ ठोल के थाप पर जमकर नाचे

के हिसाब कर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी चकचोबान थी चौकी प्रभारी पल्लवी बाबर थाना प्रभारी एवं तहसीलदार गर्ग भगोरिया हाट में तैनाती के साथ चौक सी वन थे एक तय समय चु बरतरहे थे।

# पिता और बेटे के जघन्य हत्याकाण्ड को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

## विश्वकर्मा समाज ने की आरोपी युवक को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग



**नरसिंहपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत राजकुमार विश्वकर्मा और तनिष्क विश्वकर्मा पिता व पुत्र की हुई जघन्य हत्या के मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपी युवक को शीघ्र से अति शीघ्र गिरफ्तार करने मांग विश्वकर्मा समाज ने की है। इस संबंध में श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन जिला इकाई नरसिंहपुर के अध्यक्ष और सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम अति. पुलिस अधीक्षक नागेंद्र पटेरिया मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विश्वकर्मा महापंचायत के जिला अध्यक्ष उदयराम विश्वकर्मा ने अति.पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपते हुए यह मांग की है कि जघन्य हत्याकांड से विश्वकर्मा समाज दुखी है।

ज्ञापन पत्र में बताया गया कि मुकुल नाम का युवक जो कि उनके घर के पास ही रहता है, वह पिछले कुछ समय से बेटी आर्या को परेशान करता हुआ चला आ रहा है, जिसको लेकर उसके विरुद्ध छेड़छाड़, पास्को एक्ट के तहत मामला भी दर्ज किया गया है। और उसे जेल भी हुई, लेकिन जमानत मिल जाने से जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से उनके परिजन और बेटी को परेशान किया करता था, जिसको लेकर कई बार राजकुमार विश्वकर्मा ने मुकुल व उसके परिजनों को समझाया और शिकायत भी, जिसका विरोध करने पर युवक ने राजकुमार विश्वकर्मा और तनिष्क विश्वकर्मा की हत्या कर बेटी आर्या को डरा धमका कर अपने साथ कहीं ले गया है और उसके साथ भी कोई जघन्य अपराध कर सकता है। जिसको लेकर शीघ्र ही युवक की गिरफ्तारी की मांग विश्वकर्मा समाज ने की है। वहीं पत्र में बताया गया कि इस घटना को लेकर संपूर्ण समाज और हर वर्ग में शोक की लहर है।

इस मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी युवक को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार करने और मामले को उजागर करने की मांग की है, ताकि निर्दोष मृतक राजकुमार व उनके पुत्र तनिष्क विश्वकर्मा को न्याय मिल सके। इस दौरान श्री विश्वकर्मा महापंचायत जिला इकाई नरसिंहपुर से जिला अध्यक्ष उदय राम विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा,पत्रकार हेमराज विश्वकर्मा, पत्रकार उमेश विश्वकर्मा उत्तम विश्वकर्मा संतोष विश्वकर्मा मुकेश विश्वकर्मा जगन्नाथ विश्वकर्मा सभी ने ज्ञापन सोपा और और आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई की मांग की हैं।

# हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा मनाने के लिए बैठक का हुआ आयोजन

## हनुमान चालीसा एवं प्रभात फेरी कार्यक्रम की बनाई रूपरेखा



**झाबुआ।** सकल हिंदू समाज एवं हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति झाबुआ के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष आगामी 9 अप्रैल को गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष मनाने की तैयारी शुरू हो गई है ।इसे लेकर 18 मार्च को कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें यह तय किया गया कि 8 अप्रैल को रात्रि 8.00 बजे भव्य पैमाने पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा जिसमें शहर के सर्व समाज के महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग लोगों को बड़ी संख्या में आमंत्रित किया जाएगा ।

इस अवसर पर हनुमान चालीसा पढ़ने का महत्व भी बताया जाएगा। बैठक में यह तय किया गया की 9 अप्रैल को हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में प्रात: 7.30 बजे झाबुआ के हृदय स्थल राजवाड़ा चैक से प्रभात फेरी निकल जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई राजवाड़ा चैक पर संपन्न होगी ।इसके तुरंत बाद प्रभु श्री राम की आरती का आयोजन भी किया जाएगा ।

इस आयोजन को विराट स्वरूप देने के लिए सर्वसमाज की बड़ी बैठक 3 अप्रैल को आयोजित की जाएगी, जिसमें अनेक विषयों पर चर्चा कर हिंदू नव वर्ष कार्यक्रम को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा ।

## बाइडन-ट्रंप ने कई राज्यों के प्राइमरी चुनाव में दर्ज की जीत

# राष्ट्रपति चुनाव में कड़ी टक्कर का ꣳअनुमान

**वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को हुए प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की। मंगलवार को ओहायो, इलिनोइस, कंसास, फ्लोरिडा और एरिजोना में रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव हुए। अभी तक आए नतीजों के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने एरिजोना, फ्लोरिडा में जीत दर्ज कर ली है।**





वहीं अन्य राज्यों में भी उनकी जीत तय है। डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से जो बाइडन उम्मीदवार हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के दावेदार हैं।

डेमोक्रेट पार्टी के प्राइमरी चुनाव मंगलवार को कंसास, ओहायो, इलिनोइस और एरिजोना में हुए। इन सभी में जो बाइडन 80 फीसदी से ज्यादा मत पाकर विजयी रहे हैं। मंगलवार को कैलिफोर्निया में भी स्पेशल प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान हुआ। दरअसल रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने बीते साल दिसंबर में इस्तीफा दे दिया था। यही वजह है कि मैक्कार्थी के इस्तीफे की वजह से कैलिफोर्निया में स्पेशल प्राइमरी चुनाव हो रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के नेता विंस फोंग का समर्थन कर रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने भी मंगलवार को अपने गृह राज्य फ्लोरिडा में प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान किया। ट्रंप ने पाम बीच के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। मतदान के बाद ट्रंप ने कहा कि मैंने डोनाल्ड ट्रंप के लिए वोट किया है। राष्ट्रपति चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहे हैं। ट्रंप और बाइडन का प्रचार भी तेज हो रहा है। इसी के तहत बाइडन ने मंगलवार को नेवादा और एरिजोना का दौरा किया। इन दोनों राज्यों में पिछले राष्ट्रपति चुनाव के दौरान बाइडन और ट्रंप में करीबी मुकाबला हुआ था। ऐसे में इस बार दोनों शीर्ष नेता कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और इन दोनों राज्यों पर विशेष फोकस कर रहे हैं। जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप, दोनों ही एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं।

## अमेरिका ने भी माना पाकिस्तान चुनाव में हुई धांधली, कहा- मानवाधिकारों को कुचला गया

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान आम चुनाव में हुई कथित धांधली की बात को माना है और इसे लेकर चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने में मदद देने का भी आश्वासन दिया।

दरअसल अमेरिका के राजनयिक और पाकिस्तान मामलों के जानकार डोनाल्ड लू ने पाकिस्तान चुनाव में हुई कथित धांधली को लेकर अपनी लिखित गवाही संसद की समिति के पास भेजी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है।

## पाकिस्तान में खदानें बन रहीं मुसीबत

# विस्फोट होने के कारण धंसी कोयला खदान, 12 मजदूरों की मौत



**इस्लामाबाद। पाकिस्तान से एक बुरी खबर सामने आ रही है। यहां के बलूचिस्तान में शक्तिशाली विस्फोट होने के कारण एक कोयला खदान धंस गई, जिससे कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोगों को बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि घटना हरनाई जिले के हरदालो इलाके में हुई। जिस वक्त हादसा हुआ उस समय खदान के अंदर 20 मजदूर काम कर रहे थे**

बलूचिस्तान के मुख्य खान निरीक्षक अब्दुल गनी बलूच के हवाले से बताया गया है कि बीती रात जब मीथेन गैस में विस्फोट हुआ तब खदान के अंदर 20 मजदूर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान बुधवार सुबह पूरा हो गया। टीम को खदान के अंदर से 12 शव मिले, जबकि घायल हुए आठ लोगों को तुरंत अस्पाल ले जाया गया है।

बलूच ने बताया कि रात के समय दो शव बरामद किए गए, जबकि 10 शव बुधवार की तड़के मिले। खनन महानिदेशक अब्दुल्लाह शाहवानी ने भी मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। इस बीच प्रधानमंत्री शहवाज शरीफ ने घटना पर दुख जताया और जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया उनको सांत्वना दी। पीएम ने घायलों को हरसंभव मदद देने की घोषणा भी की। साथ ही कहा कि इस तरह के हादसे बहुत दुखद होते हैं। पाकिस्तान के कोयला उत्पादन में बलूचिस्तान प्रांत का योगदान 50 प्रतिशत है। हालांकि, गैस बनने के कारण होने वाली खदान दुर्घटनाएं पाकिस्तान में आम हैं। श्रमिकों की शिकायत है कि सुरक्षा गियर की कमी और खराब काम करने की स्थिति लगातार दुर्घटनाओं का मुख्य कारण हैं।

## बशीरहाट में अभिषेक ने बीजेपी पर साधा निशाना, आठ राउंड की वोटिंग को लेकर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए आठ राउंड का मतदान कराने का फैसला किया है। आयोग के फैसले से तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी सहमत हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि बंगाल में सात बार मतदान होना वास्तव में केंद्र के बंगाल के प्रति गैर-देशभक्तिपूर्ण व्यवहार का संकेत है। अभिषेक ने भाजपा से बंगाल छोड़ने का आह्वान किया क्योंकि वे बंगाली विरोधी हैं। अभिषेक ने बुधवार को बशीरहाट में तृणमूल के लिए बैठक की। वहीं, अभिषेक की शुरुआत सात राउंड के मतदान से हुई। उन्होंने कहा कि मतदान सात चरणों में है। कोरोना के समय कहा गया कि कोविड के कारण आठ राउंड की वोटिंग होनी है। अभी क्या हो रहा है? अब कौन सा बहाना, कौन सा बहाना? तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र में कितने चरणों में मतदान होगा?अभिषेक ने विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए बीजेपी से कहा कि गोहरा आठ राउंड में वोटिंग के बाद भी हार गया, इस बार गोहरा सात राउंड में हारेगा। सात राउंड, आठ राउंड, जनता आपके मातृ विरोधी आचरण का जवाब देगी. लेगी।

## अंतरराष्ट्रीय सियासतः वियतनाम में वो वान थुओंग का इस्तीफा

### 98 प्रतिशत से अधिक वोट पाने वाले नेता के खिलाफ असंतोष



**हनोई (वियतनाम)।** वियतनाम के राष्ट्रपति वो वान थुओंग ने इस्तीफा दे दिया है। अपने इस्तीफे में उन्होंने उन खामियों को रेखांकित किया जिसके कारण उनके शासनकाल में जनता के बीच नकारात्मक राय बनी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति थुओंग की भूमिका काफी औपचारिक रहती थी। हालांकि, वियतनाम की सियासत का एक दिलचस्प पहलू ये भी है कि थुओंग राजनीतिक रूप से बेहद सक्रिय शख्स थे। चुने जाने के ठीक एक साल बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा क्योंकि उनकी पार्टी के खिलाफ नियमों के उल्लंघन का गंभीर आरोप लगा।

वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी में फैसला लेने की अहम संस्था- सेंट्रल पार्टी कमेटी है। इस समिति ने भी राष्ट्रपति थुओंग का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की खबरों के मुताबिक थुओंग के इस्तीफे को वियतनाम में चल रहे रिश्वत विरोधी अभियान से भी जोड़ा जा रहा है। जनता के बीच पनप रहे असंतोष को थुओंग के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। आंदोलन का मकसद भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना है। हालांकि, इसके कारण राजनीतिक सत्ता का संघर्ष भी पनप रहा है।

थुओंग के इस्तीफे से पहले करीब एक दशक पुराने भ्रष्टाचार के मामले में पार्टी के पूर्व प्रांतीय प्रमुख को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी थुओंग के कार्यकाल (पार्टी प्रमुख रहने) के दौरान ही हुई। पूर्व राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक के पद छोड़ने के बाद सांसदों ने डेढ़ महीने की मशक्कत के बाद थुओंग को अगला राष्ट्रपति चुना था। पार्टी ने पूर्व राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक को नियमों के उल्लंघन और गलत काम के लिए दोषी ठहराया था। वियतनाम में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के प्रमुख रणनीतिकार गुयेन फु ट्रोंग और थुओंग के बीच घनिष्ठ संबंध माने जाते हैं। ट्रोंग पार्टी महासचिव भी रह चुके हैं। माना जा रहा है कि थुओंग के इस्तीफे के बाद नए राष्ट्रपति की नियुक्ति से देश का वर्तमान राजनीतिक संकट दूर हो सकता है, लेकिन व्यापार को लेकर आशंकाएं बनी हुई हैं। जनता के बीच पनपती असंतोष की भावनाओं के कारण व्यापार में संभावित व्यवधानों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं।

## अखिलेश यादव की बढ़ सकती है टेंशन

# अपना दल (कमेरावादी) ने यूपी की इन 3 सीटों पर चुनाव लड़ने का किया ऐलान



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की सदस्य अपना दल (कमेरावादी) आगामी लोकसभा चुनाव यूपी की तीन सीटों फूलपुर, मिर्ज़ापुर और कौशांबी से लड़ेगी। अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि आज गठबंधन के तहत हम अपनी तीन सीटें फूलपुर, मिर्ज़ापुर, कौशांबी घोषित कर रहे हैं। इन तीन सीटों तक हमारी बातचीत इंडिया गठबंधन से हुई थी और हम लगातार इंडिया गठबंधन से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इन तीन सीटों के लिए हम लगातार इंडिया गठबंधन से बात कर रहे हैं। पल्लवी पटेल इन्हीं में से किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कृष्णा पटेल ने यह भी कहा कि हम विधानसभा चुनाव से ही समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में हैं और इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। कृष्णा पटेल पल्लवी पटेल की मां हैं, जो सिराथू सीट से समाजवादी पार्टी की विधायक हैं, जहां उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को हराकर जीत हासिल की थी।

## संघीय-प्रांतीय चुनावों की न्यायिक आयोग से जांच की मांग, इमरान खान ने सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया दरवाजा




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में धांधली के आरोपों की जांच को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जिसमें उन्होंने एक न्यायिक आयोग के जरिए जांच की मांग की है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने आठ फरवरी के आम चुनाव के नतीजों में हेरफेर का आरोप लगाकर नतीजों को मानने से इनकार कर दिया था। पीटीआई नेता और वरिष्ठ वकील हामिद खान ने इमरान खान की ओर से याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि न्यायिक आयोग को आठ फरवरी को हुए आम चुनावों की प्रक्रिया और आचरण से संबंधित मामलों की जांच, ऑडिट और समीक्षा करनी चाहिए। परिणामों की जांच पूरी होनी चाहिए और रिपोर्ट्स को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। पीटीआई ने याचिका में दावा किया कि संघीय और पंजाब स्तर पर सरकार बनाने के सभी परिणामों को तब तक निलंबित कर दिया जाना चाहिए, जब तक नियुक्त न्यायिक आयोग द्वारा जांच के नतीजे सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं।

इमरान खान की पार्टी पीटीआई का दावा है कि उसने नेशनल असेंबली की लगभग 180 सीटें जीती थीं, लेकिन नतीजों में धांधली हुई और उसे दर्जनों सीटों से वंचित कर दिया गया। गौरतलब है कि पीटीआई 266 सीटों में से केवर 92 सीटें जीतीं थी। सबसे बड़ी पार्टी बनने के बावजूद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने कुछ अन्य राजनीतिक दलों के साथ मिलकर गठबंधन सरकार बनाई है।

## अमेरिका में भारतीय छात्र का अपहरण

**हैदराबाद।** अमेरिका में रहकर पढ़ाई करने वाले कई भारतीय छात्रों की मौत के बाद अब हैदराबाद के एक छात्र के अपहरण होने का मामला सामने आया है। लापता छात्र के परिजनों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद अब्दुल सात मार्च से लापता है और अब यहां फोन करके उनसे फिरौती मांगी गई है। अब्दुल के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि उनके बेटे की आखिरी बार सात मार्च को उनसे फोन पर बात हुई थी। इसके बाद से अब्दुल से कोई संपर्क नहीं हुआ है। पिता ने बताया कि उसका मोबाइल भी लगातार स्विच ऑफ जा रहा है। अब्दुल के परिजनों ने यह भी बताया कि 19 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके उनसे फिरौती की रकम की मांग की है। फोन करने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर उसके अपहरण की बात बताते हुए छोड़ने के बदले में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। इतना ही नहीं फिरौती की रकम न देने पर अब्दुल की किडनी बेचने की भी धमकी दी। वहीं, अमेरिका में अब्दुल के रूममेट्स ने क्लीवलैंड पुलिस में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है।

## घुसपैठियों को भारत में रहने-बसने का अधिकार नहीं

# रोहिंग्या मुस्लिमों को बसाने की मांग वाली याचिका पर मोदी सरकार की सुप्रीमकोर्ट में दो टूक



**नई दिल्ली।** भारत में हिरासत में लिए गए रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई की मांग करने वाली एक जनहित याचिका में संघ ने यह कहकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया कि रोहिंग्या अवैध अप्रवासी हैं और उन्हें निवास करने और बसने का अधिकार नहीं है, जो केवल नागरिकों के लिए उपलब्ध एक मौलिक अधिकार है। यह देखते हुए कि भारत एक बड़ी आबादी वाला विकासशील देश है, यह भी कहा गया कि इसके नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस प्रकार शरणार्थियों के रूप में विदेशियों की पूर्ण स्वीकृति, विशेषकर तब जब बहुसंख्यक लोग अवैध रूप से देश में प्रवेश कर चुके हों, स्वीकार नहीं किया जा सकता। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और सीमित संसाधनों वाले विकासशील देश के रूप में देश के अपने नागरिकों को प्राथमिकता दी जानी आवश्यक है। इसलिए, विदेशियों को शरणार्थी के रूप में पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता, खासकर जहां ऐसे अधिकांश विदेशियों ने अवैध रूप से देश में प्रवेश किया है। गृह मंत्रालय के अवर सचिव द्वारा हस्ताक्षरित हलफनामे में नीतिगत मामले के रूप में अवैध प्रवासन के खिलाफ सरकार के रुख पर जोर दिया गया है। इसका समर्थन करने के लिए, इसने विदेशी अधिनियम के तहत एक अवैध प्रवासी व्यक्ति को निर्वासित करने के अपने कानूनी दायित्व को भी रेखांकित किया है।

## केट मिडलटन के मेडिकल डेटा उल्लंघन मामले में जांच शुरू

**लंदन।** केट मिडलटन के मेडिकल डेटा उल्लंघन मामले में ब्रिटेन की सूचना निगरानी संस्थान ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए कहा कि वेल्स की राजकुमारी द्वारा लंदन में पेट की सर्जरी के लिए भर्ती थी, हम उनकी रिपोर्ट्स का आकलन कर रहे हैं। दावा किया कि अस्पताल के कर्मचारियों ने केट मिडलटन के निजी मेडिकल रिकॉर्ड देखने का प्रयास किया था। सूचना आयुक्त कार्यालय (आईसीओ) के एक प्रवक्त ा ने कहा कि हम पुष्टि कर सकते हैं कि हमें उल्लंघन की रिपोर्ट मिली है और दी गई जानकारी का आकलन कर रहे हैं। उल्लंघन की बात सामने आने के बाद अस्पताल ने कथित तौर पर वेल्स के राजकुमार और राजकुमारी के कार्यालय केंसिंग्टन पैलेस से संपर्क किया। पैलेस ने एक बयान में कहा कि यह लंदन क्लिनिक का मामला है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अस्पताल के कर्मचारी ने प्रिंसेस केट के मेडिकल नोट्स तक पहुंच बनाने की कोशिश की। गौरतलब है कि यह घटना 2012 के एक डेटा उल्लंघन की याद दिलाती है, जब दो ऑस्ट्रेलियाई डीजे ने लंदन के किंग एडवर्ड VII के अस्पताल में एक शरारतपूर्ण कॉल में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और तत्कालीन प्रिंस चार्ल्स के रूप में खुद को पेश किया था, जहां केट मिडलटन के बीमारी का इलाज किया जा रहा था।

## चीन ने नए और सख्त सुरक्षा कानूनों का समर्थन किया, ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन बोले- नियम बेहद कठोर

**बीजिंग / हॉन्गकॉन्ग। हॉन्गकॉन्ग में सुरक्षा को लेकर बनाए गए नए कानूनों का चीन ने समर्थन किया है। चीन ने इन कानूनों को बेहद कठोर बताने वाले देश ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन को आड़े हाथ लिया। चीन ने नए कानूनों के बचाव में कहा है कि अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ को हॉन्गकॉन्ग के कानूनी मसलों मे हस्तक्षेप बंद करना चाहिए।**




चीन ने दो टूक कहा है कि हॉन्गकॉन्ग आंतरिक मामला है। सभी देशों को दक्षिणी चीनी शहर में अपने %औपनिवेशिक प्रभाव% को जारी रखने का भ्रम छोड़ देना चाहिए। आलोचकों का कहना है कि इन कानूनों की मदद से असहमति को कुचला जाएगा।

बता दें कि हॉन्गकॉन्ग एक ब्रिटिश उपनिवेश है। इसे %एक देश-दो प्रणाली% के सिद्धांत के तहत 1997 में चीन को वापस सौंप दिया गया था। इस प्रमुख एशियाई शहर की स्वायत्तता बरकरार रखने को लेकर चीन ने गारंटी दी थी। चीन और हॉन्गकॉन्ग दोनों इस बात पर जोर देते हैं कि फिलहाल वही स्थिति बरकरार है। हालांकि, आलोचकों और अंतरराष्ट्रीय अधिकार समूहों का दावा है कि पिछले तुछ समय में इस शहर पर बीजिंग की पकड़ बढ़ी है। खबरों के मुताबिक हान्गकान्ग की बीजिंग समर्थक विधायिका ने मंगलवार को एक विशेष सत्र के दौरान सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा विधेयक पारित किया। नए कानून के अनुच्छेद 23 में बाहरी हस्तक्षेप और विद्रोह जैसे नए अपराधों से सख्ती से निपटने पर जोर दिया गया है। दंड में आजीवन कारावास जैसे कठोर प्रावधान शामिल किए गए हैं। हॉन्गकॉन्ग में चीन के विदेश मंत्रालय के आयुक्त कार्यालय ने विदेशी दखल की निंदा की। ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड कैमरुन और यूरोपीय संघ काउंसिल की निंदा करते हुए चीनी प्रवक्ता ने कहा, 1997 से हॉन्गकॉन्ग पर चीनी संप्रभुता है। इसके बाद हॉन्गकॉन्ग पर ब्रिटेन की कोई संप्रभुता, शासन या पर्यवेक्षण नहीं।

## कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं है और

# केजरीवाल को ईडी की जांच में सहयोग देना ही होगाः वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा आज माननीय हाई कोर्ट में ईडी द्वारा भेजे गए सम्मन को चुनौती देने के मामले की सुनवाई के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब समय आ गया है की केजरीवाल बहाने बाजी छोड़ कर ई.डी. एवं अन्य जांच ऐजेंसियों से सहयोग करें। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की केजरीवाल की खुद की अर्जी पर हाई कोर्ट की प्रारम्भिक सुनवाई से स्पष्ट है कि सभी ई.डी. सम्मन वैध थे और केजरीवाल को व्यक्तिगत थे, उनकी पार्टी से सम्मन का कोई लेना देना नही है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को ना प्रोटेक्शन दी, ना कल 21 मार्च के ई.डी. सम्मन पर रोक लगाई है, अब केजरीवाल को कोर्ट में पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल को जांच में सहयोग देना चाहिए और जिस प्रकार से ईडी द्वारा सम्मन भेजे जाने का कुप्रचार आम आदमी पार्टी के नेता करते रहे हैं उन सभी की आवाज आज कोर्ट के निर्देशों ने बंद कर दी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि ईडी के सम्मन पर केजरीवाल को जाना होगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वज्ञात है कि दिल्ली में नई शराब नीति और जलबोर्ड में घोटाला हुआ है और इसका जवाब केजरीवाल को देना पड़ेगा। सचदेवा ने कहा कि आज कोर्ट के फैसले के बाद अब आम आदमी पार्टी के नेता के पास कोई रास्ता बचा नहीं है और उन्हें ईडी के सम्मन पर जाना ही होगा। अगर वह फिर भी ईडी की जांच में सहयोग नहीं देते हैं तो वह दिल्ली की जनता के सब देख रही है, मतदान में फैसला देगी।

# व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन के लिए गठित निगरानी टीम की बैठक लेकर निष्पक्षता एवं सजगता पूर्वक कार्य करने के दिए निर्देश



**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री रामकृष्ण केड़िया (भारतीय राजस्व सेवा) ने आज कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में निर्वाचन व्यय लेखा से जुड़े सभी नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारियों व टीम के सदस्यों की प्रशिक्षण सह बैठक में भाग लिया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय, व्यय अनुवीक्षण टीम के नोडल अधिकारी कोषालय अधिकारी श्री बी.एल. प्रजापति उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक श्री रामकृष्ण केड़िया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम नियमानुसार निष्पक्षता एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने राज्य एवं जिले की सीमा से लगे सभी चेक पोस्टों पर चौबीस घंटे वाहनों की जांच करने और अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं की जब्ती की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेक पोस्टों पर निगरानी दल द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकॉर्डिंग आदि करने के निर्देश दिए। ताकि लेखा टीम को गणना करने में दिक्कत नहीं हो। उन्होंने चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों का अनिवार्य रूप से बैंक एकाउंट खुलवाने को कहा जिससे ऑनलाइन पेमेंट का हिसाब मिल सके। व्यय प्रेक्षक ने निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आयोग द्वारा निर्धारित व्यय की सीमा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की इनपुट प्राप्त होने पर तत्काल जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। व्यय प्रेक्षक श्री रामकृष्ण केड़िया ने जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए बनाए गए एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, लेखा आय-व्यय टीम चेकपोस्ट आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने टीम को व्यय लेखा के संबंध में आवश ?यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

**व्यय प्रेक्षक ने जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम का लिया जायजा :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री रामकृष्ण केड़िया ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम तथा मीडिया कन्ट्रोल रूम का जायजा लिया। उन्होंने जायजा लेते हुए की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# बेचने की फिराख में रखे 58 हजार कीमती 10 पेटी अंग्रेजी शराब थाना महाराजपुर पुलिस ने किया जब्त

## आचार सहिता के दौरान थाना महाराजपुर पुलिस की शराब के विरूद्द कार्यवाही

**अनवर खान मंडला।**

जप्ती - (01) 06 पेटी अग्रेजी गोवा व्हिस्की कुल 300 क्वार्टर कुल 54 वल्क लीटर कीमती 36000/ रूपये 04 पेटी अंग्रेजी जीनियश व्हिस्की कुल 200 क्वार्टर कुल 36 वल्क लीटर कीमत 22000/ रूपये एक बिना नम्बर की हीरो कंपनी की स्पेण्डर कीमती 60000/ रूपये कुल मसरूका 1 लाँख 18 हजार रूपये।

**घटना का विवरण**- लोकसभा चुनाव 2024 के मुद्देनजर आचार सहिता दिनांक 16 मार्च से प्रभावी हैं। मंडला पुलिस द्वारा समस्त थाना क्षेत्र में लगातार पैदल मार्च किया जा रहा। साथ ही थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी अवैध गतिविधियों की सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा रही हैं। आज दिनांक 18.03.2024 को थाना प्रभारी महाराजपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रामबाग पानी टंकी के पास कुछ लोग भारी मात्रा मे अग्रेजी शराब बिक्रय करने की नियत से सग्रहित की जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुऐ एसडीओपी मंडला के निर्देश पर टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचे तो दो व्यक्ति पानी की टंकी के पास खेत मे धान के पैरा से शराब की पेटिया निकाल रहे थे। जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हे पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर पकडने के प्रयास किया परन्तु खेतो मे फसल होने से पुलिस से छिपकर भाग गये। बाद धान के पैरा को हटाकर देखा गया तो उसमे 10 पेटी अबैध अग्रेजी शराब रखी होना पाया गया। पास मे ही एक बिना नम्बर की हीरो कंपनी की स्पेन्डर मोटर सायकिल खडी मिली। उक्त अबैध शराब मे 06 पेटी अग्रेजी गोवा



व्हिस्की कुल 300 क्वार्टर कुल 54 वल्क लीटर कीमती 36000/ रूपये, 04 पेटी अंग्रेजी जीनियश व्हिस्की कुल 200 क्वार्टर कुल 36 वल्क लीटर कीमत 22000/ रूपये, एक बिना नम्बर की होरो कंपनी की स्पेण्डर मो. सा. जिसका नम्बर कीमती 60000/ रूपये जिसे मौके पर गवाहो के समक्ष विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। थाना महाराजपुर में दोनो फरार आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं पुलिस द्वारा दोनो आरोपियों की तलाश की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही निरीक्षक ममता परस्ते के नेतृत्व में उनि. सुरजीत सिह परमार चौकी हिरदेनगर, सउनि कृष्णकुमार चौबे, सउनि रमेश पाल, प्र.आर. रोशन लाल नेगी, आर. प्रियांस पाठक, रतीराम, हरीदास बिझिया , परमवीर एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़ा आखाड़ा मैहर में उपनयन संस्कार



**मैहर** बड़ा आखाड़ा लाखो लोगो की आस्था का केंद्र है,आज बड़ा आखाड़ा के महराज श्री श्री 1008 श्री सीता बल्लभ शरण जू महराज के द्वारा सैकड़ों विप्रो का यज्ञोपवीत धारण करने के लिए उपनयन संस्कार करवाया जा रहा है,प्राचीन काल से विद्यमान सभ्यता सोलह संस्कारों में एक प्रमुख उपनयन संस्कार है जो आज बड़ा अखाड़ा के महाराज जी के द्वारा करवाया जा रहा है

### तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई दो युवकों की मौत

**राम सिंह यादव टीकमगढ़।** जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से तेज गति से जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गयी और सर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई।हादसा होते ही राह चलते लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।उन्होंने तत्काल खरगापुर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। खरगापुर थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने बताया कि देरी गांव निवासी विष्णु अहिरवार और भैया वाल्मीकि बाइक से खरगापुर की ओर जा रहे थे। रास्ते में शिवनगर तिराहा के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोट आई। जिसके चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए खरगापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। साथ ही दोनों युवकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। दोनों युवक देरी गांव के बताए जा रहे हैं।



**सिर में गंभीर चोट के कारण हुई मौत :** एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि दोनों लड़कों की उम्र करीब 17 - 18 साल के आसपास है। दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं लगाया था। बाइक की रफ्तार अधिक होने के कारण डिवाइडर से टकरा गए और सिर में चोट लगने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### उड़नदस्ता टीम द्वारा सेजवाया इकाई का आकस्मिक निरीक्षण



**धार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में उड़नदस्ता टीम के सहायक जिला आबकारी अधिकारी अवधेश पांडे , उपनिरीक्षक श्री दविंदर हुड्डा एवं स्टॉफ के द्वारा ग्रेट गेलियन वेंचर्स लिमिटेड सेजवाया धार का आकस्मिो निरीक्षण किया गया। इस दौरान ईकाई की अलग अलग यूनिट्स का निरीक्षण किया गया। जिसमे ईकाई में कार्यरत सीसीटीवी कैमरा एवं स्कन्ध रजिस्टर निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया ।

### आध्यात्मिक सत्संग का किया आयोजन

**पिपरिया।** विश्व निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन ब्रांच पिपरिया द्वारा किया गया। सांई वाटिका सत्संग भवन में विश्वनिरंकारी आध्यात्मिक मिशन द्वारा सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन भीलवाडा राजस्थान की ज्ञान प्रचारक महात्मा जगपालसिंह राणावत द्वारा पावन हजुरी में सत्संग संपन्न हुआ। जिसमें 100 से अधिक भाई बहनो ने महात्माजी का आशीर्वाद प्राप्त किया व सत्संग में उनके बताये गये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया।

# छत्तीसगढ़ सीमा बार्डर के चेकपोस्ट का कमिश्नर एवं कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**अनूपपुर। शहडोल संभाग के कमिश्नर श्री बी.एस. जामोद तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष वशिष्ठ ने 20 मार्च को जिले के मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ सीमा बॉर्डर पर अमरकंटक क्षेत्र के जलेष्वर ामार्ग एवं धरमपानी में बने चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वषिष्ठ शर्मा, एसडीएम पुष्पराजगढ़ श्री सुधाकर बघेल, तहसीलदार श्री अनुपम पाण्डेय भी मौजूद थे।**



शहडोल संभाग के कमिश ?नर श्री बी.एस. जामोद ने चेकपोस्ट में तैनात निगरानी दलों के कार्य प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने सभी तरह के वाहनो की सघन जांच करने के निर्देश दिए, ताकि मतदाताओं को प्रलोभित करने वाली किसी भी तरह की सामग्री या संदिग्ध वस्तुएं, सोना-चांदी, बर्तन, शराब, कपड़े, नगद राशि आदि का अवैध रूप से परिवहन नही होने पाए। भ्रमण के दौरान कमिश ?नर एवं कलेक्टर ने मतदान केन्द्र फर्रीसेमर की मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया।

# अवैध शराब के 03 प्रकरण कायम

**दुर्गेश बर्मन डिंडोरी**

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनज़र रखते हूये जिला डिंडौरी मे अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण , परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में दिनांक 18 मार्च 2024 को आबकारी विभाग द्वारा दबिश कर कार्यवाही किया गया। तलाशी के दौरान अवैध शराब 9 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब 4 लीटर अंग्रेज़ी शराब और 130 किलो महुआ लाहन जप्त किया गया जप्त शराब व लाहन की अनुमानित कीमत 16800/- रुपये है

उपरोकतानुसार मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत 03 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है





।कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झरिया, रामभरोस ठाकुर, गेंदलाल बरकड़े एवं मनीष उइके व नगर सैनिक उपस्थित रहे।

# ख़राब प्रदर्शन पर एएनएम,सीएचओ के ख़िलाफ़ कार्यवाही करें - कलेक्टर

**धार। ख़राब प्रदर्शन पर एएनएम,सीएचओ के ख़िलाफ़ कार्यवाही करें।यह निर्देश कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने मंगलवार को कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सविता झानिया, समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन मौजूद थे।**

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिये कि आदर्श आचार संहिता के दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्त गतिविधियॉ एवं कार्यक्रमों का संचालन एवं क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो। जिला क्षय अधिकारी समस्त ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त किए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार करें। समस्त बीएमओ मातृ मृत्यु की समीक्षा कर पाए गए कारणों पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। समस्त लेवल 3 प्रसव केंद्रों में क्रियाशील एवं निर्बाध बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। समय - समय पर समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं पर आगजनी की घटना से बचने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाय। धामनोद क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के निजी अस्पताल से समस्त गर्वभती माताओं की एएनसी पंजीयन एवं जांच की एंट्री सुनिश्चित करें। समस्त एएनएम ,सीएचओ गर्भवती महिलायों के जानकारी समयसीमा में ऑनलाइन करें। कम प्रगति वाले एएनएम, सीएचओ के विरुद्ध कार्यवाही एवं वेतन काटने की कार्यवाही की जाए। समस्त एएनएम, सीएचओ के माध्यम से शतप्रतिशत पंजीयन एवं एएनसी जांच करने हेतु निर्देशित करें । कोई भी महिला बिना एएनसी पंजीयन के पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित किया जाए। समस्त विकासखंड में सिकल सेल एनिमिया की स्क्रीनिंग का कार्य प्राथमिकता से करें।

# विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण ढोंढ़ा में करेंट लगने से गाय की हुई मृत



**'दुर्गेश बर्मन डिंडोरी**

जिले में लगातार आंधी तूफान वर्षा और ओला वृष्टि से अन्न धन की क्षति हो रही है।इसी तरह बुधवार को सुबह 7.00 बजे गाय को करेंट लगने से गाय की मृत्यु हो गई 18 मार्च 2024 को आंधी तूफान आने बेल के पेड़ गिरने पर खम्भे की तार टूट गई, तार टूटने के कारण विद्युत विभाग को सूचना दिया गया। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया और आज जैसे 7.00 बजे लाईट आई एक गाय मृत हो गई और ग्रामीणों द्वारा 7 गाय एवं एक आदमी को बचाया गया। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू को सूचना मिलने पर तत्काल जाकर मौके पर देखा गया और विद्युत विभाग के अधिकारी ए.सी. को सूचना दिया गया एवं शहपुरा पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी अनुराधा मेडम को भी जानकारी दिया गया।

# मनुष्य यदि अपने मन पर बुद्धि ,चित्त और अहंकार पर काम को ना बिठाकर श्रीराम को बैठा ले तो उसका जीवन धन्य हो जाता है- पंडित चतुर्वेदी

**धार। यज्ञाचार्य, तपोनिषठ, पूज़नीय,प्रात:स्मरणीय, परमहंस श्री श्री 1008 श्री गजानन जी महाराज के 104 वॉ अवतरण दिवस पर श्री बालीपुर धाम में श्रीराम कथा के साथ में सुंदरकांड एवम भजन बाबाजी के शिष्य श्री योगेश जी महाराज एवम श्री सुधाकर जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहे हैं । श्री राम कथा के कथावाचक बनारस-काशी से पधारे पंडित चंद्रकांत चतुर्वेदी ने पाँचवे दिवस पर गुरुदेव की जन्म भूमि पर मानस सत्संग में कहा कि मन की भूमि मिथिला, बुद्धि की भूमि अयोध्या, चित्त की भूमि चित्रकूट ,अहंकार की भूमि लंका इन चारों स्थान बैठने के लिए श्री रामचन्द्र जी भगवान को आसन दिया गया।**




यदि मनुष्य अपने मन पर अपने बुद्धि ,चित्त और अहंकार पर काम को ना बिठाकर श्रीराम को बिठा लिया जाए तो उसका जीवन सुंदर हो जाता है धन्य हो जाता है। मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। दुखी वह प्राणी है जो अपने मन में काम पर बिठाकर रखता है इसलिए संसार में जीने के लिए बाध्य रहता है। पीड़ा ही पीड़ा, सुख की अनुभूति नहीं करता है। इन चारों प्रक्रियाओं का गुजरने के लिए जीव विद्रोह नगरी में प्रवेश करता है।कर्म करे,कर्म से विरत न हो। रामचरितमानस के इस विषय पर सिद्धांत दिया गया है उसके अनुसार सभी स्वीकृत ही भोगते हैं।

**शबरी समाज के भक्तों को किया आमंत्रित**- सद्गुरु सेवा समिति के जिला मुख्यालय स्थित मीडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम टोंकी, सनमोड, बागसुल ,मोराड, पहाड़सिहपुरा नदीपुरा, टेमरनी, जलखां आदि गांवो में गुरु भक्त रमेश कुशवाहा, जगदीश पाटीदार, महादेव शर्मा ,सुभाष राठौड़ द्वारा शबरी जाति के भक्तो को जन्मोत्सव के भंडारे मे आमंत्रित किया है। गांव की चौपालो पर एवम मन्दिरो मे बैठके की तथा सभी को बाबाजी के कार्य, उद्देश्यों की जानकारी दी।जय गुरुदेव के उद्घोष के साथ बैठके सम्पन्न की तथा जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भक्तों द्वारा गांव-गांव फेरी निकाली गई।

**निरंतर हो रहे हैं पाठ**- श्रीराम कथा महोत्सव ,भजन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा, ब्राह्मणों एवम ब्राह्मणीयो द्वारा गायत्री जाप, दुर्गाअष्टोत्तरशतनाम स्तोत्र का पाठ किया जा रहा है। प्रात:कालीन एवम संध्याकालीन पाठ हो रहे हैं। भोजन शाला में प्रतिदिन शंकर महाराज एवं उनकी टीम द्वारा भोजन बनाकर भक्तों को खिला रहे हैं ।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715